सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री रामप्रसाद मीना पुत्र श्री लोहडीराम मीना निवासी चरावण्डया ढाणी आलूदा तहसील नांगल राजवतान जिला दौसा राज0

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा

अपील संख्या 124/2022

निर्णय दिनांक 09.12.2022

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर अपीलांट द्वारा यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर, दौसा से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा को पत्र क्रमांकः डीएम/कोर्ट/2022/2810 दिनांक 09.11..2022 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा ने पत्र क्रमांकः आरटीआई/2022/1310 दिनांक 08.12.2022 के द्वारा अवगत कराया है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना प्रभारी अधिकारी जिला अभिलेखागार कलैक्ट्रेट दौसा से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा द्वारा प्रभारी अधिकारी जिला अभिलेखागार को निर्देश दिये जाने के उपरांत भी सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई है। उक्त पत्रादि की छायाप्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को वांछित नकल/सूचना की वस्तुस्थिति से अवगत नहीं कराया गया है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट स्वीकार योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट स्वीकार की जाती है। लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा को निर्देश दिये जाते हैं कि अपीलांट को वांछित सूचना/नकल आदेश प्राप्ति के 07 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

Signature Not Verified

Digitally signed by Qummer Ul Zaman Choudhary
Date: 2023.02.15 13:11:11 IST
Reason: SelfAttested

(कमर चौधरी)
जिला कलक्टर, दौसा
जिला कलक्टर, दौसा

न्यायालय कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट
दौसा